पत्रांक-बि/0प्र0सु0मि0सो0स्था०-21/2026, सो0-1772

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी

(सामान्यप्रशासन विभाग)

प्रेषक,

सतीश रंजन सिन्हा ,
विशेष कार्य पदाधिकारी।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी,
अरवल।

पटना, दिनांकः 16/06/2026

विषयः- **बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी अंतर्गत सृजित संविदात्मक पद पर नियोजित एवं कार्यरत कार्यपालक सहायकों को समूह स्वास्थ्य बीमा एवं अनुकम्पा का लाभ के संबंध में।**

प्रंसगः- सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार,पटना का पत्रांक- 10474, दिनांक- 12.06.2026 एवं समाहरणालय, अरवल का पत्रांक-736, दिनांक- 29.05.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के माध्यम से प्राप्त पत्रों के आलोक में अवगत कराना है कि बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी अंतर्गत सृजित संविदात्मक पद पर नियोजित एवं कार्यरत कार्यपालक सहायकों को समूह स्वास्थ्य बीमा के लाभ से आच्छादित किया जा चुका है। साथ ही जिला स्तर पर निर्मित कार्यपालक सहायक के पैनल से अन्य विभागों / कार्यालयों द्वारा अधियाचना के आधार पर संविदा के आधार पर ली गयी कार्यपालक सहायकों को समूह स्वास्थ्य बीमा के लाभ से आच्छादित करने के मामले में संबंधित विभाग / कार्यालय द्वारा आवश्यक कार्रवाई किया जाना है।

संविदात्मक पद पर नियोजित कर्मियों के सेवाकाल में मृत्यु हो जाने के उपरांत उनके आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर नौकरी देने से सम्बंधित मामला नीतिगत है। इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना से मंतव्य प्राप्त किया जा सकता है।

विश्वासभाजन

16-6-26

(सतीश रंजन सिन्हा)
विशेष कार्य पदाधिकारी

ज्ञापांकः- **बि0प्र0सु0मि0सो0/स्था०-21/2026,सो0 1772 दिनांकः- 16/06/2026**

प्रतिलिपिः- श्री मो० आफाक अहमद, विशेष कार्य पदाधिकारी, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार,पटना का पत्रांक- 10474, दिनांक- 12.06.2026 के प्रसंग में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16-6-26

विशेष कार्य पदाधिकारी

D:\स्थापना\Shiv Letter.Docx